कार्यालय भू–सम्पदा अधिकारी
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर, 342304 राजस्थान (भारत)
OFFICE OF ESTATE OFFICER
AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR-342304 RAJASTHAN (INDIA)
Phone: 9460282361 (M)
E Mail: eoaujodhpur@gmail.com

Estate Officer

No. F ( ) / EO/AUJ/2026-27/ 657 Date: 01/10/2026

निविदा सूचना संख्या 08 / 2026–27

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के माननीय कुलपति महोदय की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो व पंजीकृत संवेदको, फर्मों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट **www.aujodhpur.ac.in**, **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है ।

क्र.स.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा शुल्क	धरोहर राशि
1.	Electrification work for main gate at Sanwant Kua, Baori, Jodhpur	3.19	05 माह	500/-	6400/-

(1) निविदादाता द्वारा धरोहर राशि, निविदा शुल्क (भू–संपदा अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के नाम देय (Estate officer Agriculture University, Jodhpur) भू– सम्पदा अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कार्यालय में दिनांक 09.10.2026 प्रातः 11:00 बजे तक बैंकरर्स चेक / डीडी के रूप ही जमा करवानी है। इस निविदा हेतु किसी भी प्रकार की एफडीआर स्वीकार्य नहीं होगी।

(2) निविदा प्रपत्रों हेतु आवेदन / डाउनलोड की अवधि दिनांक 09.10.2026 प्रातः 10.00 बजे से होगी ।

(3) (अ) निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर दिनांक 01.10.2026 प्रातः 10.00 बजे से डाउनलोड कराये जा सकते हैं एवं प्राप्त निविदाऐं, दिनांक 09.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाऐं खोली जायेगी ।

(ब) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवंश यदि सारी निविदाऐं नहीं खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस में शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

(4) कार्य करने हेतु स्थल उपलब्ध है ।

(5) कार्यों के सम्मुख उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यालय में संवेदक द्वारा दिनांक 01.10.2026 से 09.10.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता, प्लान, स्पेसिफिकेशन, ड्राइंग विभिन्न कार्यों की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्तें एवं अन्य विवरण वर्णित है ।

(6) निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क / धरोहर राशि अथवा निविदा प्रपत्रों में वर्णित किसी एक प्रकार के रूप में निविदा खोलने वाले कार्यालय में दिनांक 09.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है।

(7) निविदा खोलने की दिनांक से भू– सम्पदा अधिकारी द्वारा स्वीकृत की जाने वाली निविदा की अवधि 45 दिन तथा भवन निर्माण समिति द्वारा स्वीकृत की जाने वाली निविदा की अवधि 60 दिन, भवन निर्माण कोंसिल द्वारा स्वीकृत की जाने वाली निविदा की अवधि 90 दिन तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (open) रहेगी । यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी

निविदा अथवा शर्तों में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी ।

(8) यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नि) कार्य से सम्बन्धित कार्यालय भू– सम्पत्ति अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में लेखाकार अथवा सहायक अभियन्ता से लेकर उच्च स्तर के अभियन्ता वर्ग तक का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा ।

(9) विश्वविद्यालय में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी विश्वविद्यालय अनुमति के बिना सेवानिवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारी में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने विश्वविद्यालय की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहॉ सेवाऐं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा ।

(10) किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। आर.पी.डब्ल्यू. ए–100 (आज दिनांक तक संशोधित) की समस्त शर्तें मान्य होगी ।

(11) संवेदक द्वारा उक्त कार्यों के लिए निर्धारित मशीनरी इत्यादि स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण–पत्र देना होगा ।

(12) कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि सम्मिलित है।

(13) अनबेलेंस बिड की स्थिति में Additional Performance Security के लिएवित्त विभाग द्वारा दिनांक 22.11.2021 को जारी नवीनतम नोटिफिकेशन के अनुसार निविदादाता को उसमें लिखित समस्त शर्तो को पालन करना होगा।

(14) संवेदक द्वारा निम्न दस्तावेज अपनी निविदा के साथ जमा करने पर ही उनकी निविदा को खोला जायेगा :–

(क) फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र
(ख) बिक्री कर शोधन एवं जी.एस.टी. प्रमाण पत्र,
(ग) निविदा में दर्शाये अनुसार निविदा शुल्क, धरोहर राशि
(घ) सलंग्न परिशिष्ट 'क' के अनुसार घोषणा पत्र (फर्म के लेटर पेड पर)
(ड) फर्म का पी एफ रजिस्ट्रेशन

(15) टेन्डरिंग के लिए निविदादाता हेतु निर्देश :–

(अ) इन निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्रों का इन्टरनेट साईट www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड (download) कर सकते है। निविदादाता द्वारा निविदा भ्ाुल्क डिमांड ड्राफट के रूप में संबंधित कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करवाना आवश्यक है।

(ब) निविदा शुल्क का डी.डी./बैंकर्स चैक एवं धरोहर राशि भू– सम्पदा अधिकारी कार्यालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर **(Estate Officer, Agriculture University, Jodhpur)** के नाम से ही जमा की जायेगी ।

यदि किसी निविदादाता द्वारा टेन्डर प्रकिया में भाग नहीं लेने पर टेन्डर शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क वापिस नहीं लौटाया जावेगा। कार्य सम्पादन पर देय सभी प्रकार के कर निविदादाता को वहन करना होगा।

सलंग्नः– **परिशिष्ठ 'क' घोषणा पत्र का प्रारूप**

भू– सम्पदा अधिकारी,
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

परिशिष्ठ 'क'

मैं.(नाम) ..... (पिता का नाम) ..... (उम्र)..... जाति .... व्यवसाय ..... निवासी का हूँ जो कि शपथ पूर्वक यह धोषणा करता हूँ कि–

1. मैं मेरी/हमारी फर्म ..... का एक मात्र मालिक/हिस्सेदार हूँ तथा मैं यह धोषणा पत्र हस्ताक्षरित करने हेतु अधिकृत हूँ।
2. मेरी/हमारी फर्म ..... विभाग ..... में .....श्रेणी में स्थायी/अस्थायी रूप से पंजीकृत है तथा यह पंजीयन आज दिनांक तक वैध है।
3. मेरे द्वारा भू सम्पदा अधिकारी कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या ..... में वर्णित पात्रता सम्बन्धी समस्त शर्तो का अध्ययन कर लिया है तथा समस्त शर्ते मुझे मान्य है एवं मेरी/हमारी फर्म उक्त निविदा के कार्य क्रम संख्या .....में निविदाऐं भरने हेतु पात्र है।
4. इन कार्यो को करने हेतु मेरी/हमारी फर्म के पास आवश्यक समस्त मशीनरी एवं अन्य संशाधन उपलब्ध है।
5. मेरे द्वारा उक्त निविदा में प्रस्तुत किए गये समस्त दस्तावेज पूर्णतः वैध है तथा समस्त तथ्य सही है। मैंने कोई भी तथ्य छिपाया/घाटाया/बढाया नही है।

उपरोक्त शपथ पत्र के क्र.स. 1 से 5 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी अनुसार सही है जिन्हे मैं सही होना मानता हूँ। ईश्वर मेरी मदद करें।

फर्म का पुरा पताः–.....

.....

पैन नं. .....

(हस्ताक्षर शपथ ग्रहिता)

स्थानः–

दिनांकः–